दिनांक 30 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के पास हुए पाइपलाइन लीकेज का किया जा रहा है संधारण

भिलाई नगर/ नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 अंतर्गत नवनिर्मित ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण इसे सुधारने के लिए निगम का अमला लगा हुआ है! 800 mm की डीआई मुख्य पाइप लाइन 66 एमएलडी से निकलकर शहर के विभिन्न टंकियों में पानी सप्लाई करती है! मुख्यतः यह पाइपलाइन वर्तमान में नेहरू नगर , फरीद नगर, स्मृति नगर और रिसाली को जलापूर्ति कर रही है! जल विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस स्टेशन परिसर के नीचे से ही पाइपलाइन गुजरी हुई है! संभवत है भवन निर्माण कार्य के दौरान पाइप लाइन में लीकेज हुई है जिसके कारण यह लीकेज धीरे-धीरे बढ़ने पर इसका पता चल पाया! 66 एमएलडी के मुख्य पाइप लाइन होने के कारण इसे सुधारने निगम अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर संधारण कार्य प्रारंभ कर दिया है!

जल्द ही लीकेज को ठीक कर लिया जाएगा! आंशिक रूप से जल प्रदाय प्रभावित होने की संभावना जताई गई है! ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप से ही दो पाइपलाइन गुजरी हुई है एक 66 एमएलडी से कनेक्टेड है और दूसरी 77 एमएलडी से जुड़ी हुई है! जल विभाग के अभियंता ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस भवन निर्माण के कार्य के दौरान पाइपलाइन गुजरे होने की जानकारी विभाग को दी गई थी! आगे उन्होंने बताया कि पाइप को दूसरे जगह शिफ्ट किया जाना इसका विकल्प है , जिसके लिए निगम की टीम लगी हुई है! उप अभियंता अर्पित बंजार ने जानकारी देते हुए बताया कि जल प्रदाय व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए 77 एमएलडी के पाइप लाइन से नेहरू नगर , रिसाली, फरीदनगर और स्मृति नगर की टंकियों में जलापूर्ति करने की व्यवस्था की जा रही है!